प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 15.04.2025 (दोपहर–1455 बजे)

झारखंड में वक्फ संशोधन कानून लागू नहीं होने देने के झामुमो के दावे के बीच राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा है कि संसद से जो बिल पारित हो जाता है उसे लागू करना अनिवार्य होता है। श्री गंगवार ने यह भी कहा कि यह मामला अभी सुप्रीम कोर्ट में है, इसलिए इसपर अभी टिप्पणी करना उचित नहीं है।

*******************

झारखंड हाईकोर्ट और जिला अदालतों में सुरक्षा को लेकर आज पुलिस मुख्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक होगी। इसमें सभी जोनल आईजी, डीआईजी, एसएसपी और एसपी शामिल होंगे। बैठक में न्यायालय परिसरों की सुरक्षा मजबूत करने, सीसीटीवी कैमरे लगाने और आगंतुक निगरानी प्रणाली लागू करने की समीक्षा की जाएगी। साथ ही, हाईकोर्ट परिसर में नियमित गश्ती और सुरक्षा ढांचे के निर्माण को लेकर भी चर्चा होगी।

*******************

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी की अध्यक्षता में आज रिम्स शासी परिषद की 59वीं बैठक होगी, जिसमें 28 एजेंडों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में 100 डॉक्टरों की पदोन्नति, टेक्नीशियन के 80 पद सृजन, पीडीसीसी/पीडीएएफ कोर्स शुरू करने और एमएससी नर्सिंग कोर्स को मंजूरी देने पर फैसला लिया जा सकता है। साथ ही, डीम्ड यूनिवर्सिटी के प्रस्ताव और हेल्थ मैप–मेडॉल के करार की समीक्षा भी की जाएगी।

*******************

झारखंड मुक्ति मोर्चा के 13वें केंद्रीय महाधिवेशन का आज दूसरा और अंतिम दिन है। इस अधिवेशन में झारखंड समेत 9 से अधिक राज्यों से लगभग 4000 प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। अधिवेशन में पार्टी में कार्यकारी अध्यक्ष पद को समाप्त कर हेमंत सोरेन को केंद्रीय अध्यक्ष नियुक्त करने का फैसला लिया गया है। इसके अलावा संगठनात्मक और राजनीतिक प्रस्ताव पेश किये गये, जिनमें 1932 के खतियान आधारित स्थानीयता नीति, ओबीसी आरक्षण और सरना धर्म कोड लागू करना शामिल हैं। आज इन संशोधनों पर अंतिम मुहर लगाई जा सकती है।

*******************

एक भारत–श्रेष्ठ भारत के तहत राजभवन में आज हिमाचल प्रदेश का स्थापना दिवस मनाया गया। इस मौके पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने हिमाचल प्रदेश के लोगों को राज्य स्थापना दिवस पर बधाई दी।

*******************

चतरा जिले में साइबर अपराध की रोकथाम के लिए कई स्तरों पर उपाय किये जा रहे हैं। इसके प्रति लोगों को जागरुक करने के लिए जन जागरण अभियान भी चलाया जा रहा है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

*******************

हजारीबाग के इचाक प्रखंड के सल्फानी पार्क सिजुआ स्कूल के निकट अज्ञात अपराधियों ने पेट्रोल पंप मैनेजर शंकर रविदास की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी है। बताया जाता है कि शंकर रविदास बैंक में पैसा जमा करने के लिए जा रहे थे, तभी घात लगाए दो अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया और पैसा से भरा हुआ बैग लेकर फरार हो गये। एसडीपीओ अमित आनंद ने बताया कि पूरे क्षेत्र में अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान तेज कर दिया गया है।

*******************

सरायकेला –खरसावां जिला मुख्यालय के नगर क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से पेयजलापूर्ति बाधित है। इसे लेकर भाजपा महिला मोर्चा ने आंदोलन शुरु कर दिया है। समस्या के समाधान के लिए मोर्चा के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपकर इस दिशा में त्वरित पहल करने की मांग की।

*******समाप्त********